झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0)–गढ़वा / PDS–96 / 2021 – 801

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**उपायुक्त**
गढ़वा।

राँची, दिनांकः– 17.10.2022

**विषयः–** **गढ़वा जिले के चिनिया प्रखण्ड अन्तर्गत मसरा गांव के आदिम जनजाति परिवारों को राशन नही मिलने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि शिकायतकर्ता श्रीमती शान्ती देवी एवं अन्य, ग्राम मसरा, प्रखण्ड–चिनिया, जिला–गढ़वा का शिकायतपत्र आयोग को प्राप्त हुआ है, जिसमें मसरा गांव के आदिम जनजाति परिवारों को माह अप्रैल से अक्टूबर, 2022 तक का राशन नहीं मिलने का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त इसी गांव की एक अन्य शिकायतकर्ता श्रीमती कुन्ती देवी को माह मार्च, 2021 से राशन नहीं मिलने संबंधी शिकायत भी आयोग को प्राप्त हुई है। उपरोक्त के अतिरिक्त दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" में दिनांक–18.10.2022 को इसी गांव के 40 परिवारों को विगत 4 माह से राशन नहीं मिलने एवं इस कारण इन परिवारों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाने संबंधी समाचार प्रकाशित हुई है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर है।

अतः उपरोक्त प्राप्त शिकायत पत्रों एवं प्रकाशित समाचार की कतरन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि उक्त मामले से संबंधित जांच प्रतिवेदन तीन दिनों के अन्दर आयोग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

18/10/22

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx295

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

Mail sent
18/10/22

झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक–रा0खा0आ0 (शि0)–गढ़वा / PDS–96 / 2021–806 राँची, दिनांकः–19 / 10 / 2022

आयोग के पत्रांक–801 में लिपिकीय भूलवश पत्र निर्गत की तिथि दिनांक–18.10.2022 के स्थान पर दिनांक–17.10.2022 अंकित हो गया है।

कृपया उक्त को पत्रांक–801 दिनांक–18.10.2022 पढ़ा जाय।

19/10/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांकः– रा0खा0आ0 (शि0)–गढ़वा / PDS–96 / 2021–806 राँची, दिनांकः–19 / 10 / 2022

प्रतिलिपिः– उपायुक्त, गढ़वा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/10/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\शुद्धि पत्र.docx7

Mo-No.- 9852910778 Date- 18-10-2022 Complain no.- WA/ 402/2022 (40)



## परेशानी: चिनिया प्रखंड के मसरा गांव में आदिम जनजाति के 40 परिवारों को 4 माह से नहीं मिला है राशन

# मांगकर बच्चों को खिलाना है मजबूरी : उर्मिला

M.S
18.10.22

हि विशेष

चिनिया (गढ़वा) प्रतिनिधि। घर में राशन नहीं था। कभी कुछ बनता है तो कभी नहीं बनता है। खाना नहीं बना। दूसरे घर से मांगकर बच्चों को खिलायी। रात को देखेंगे...कुछ नहीं होगा तो रात को भी मांगकर खिलाएंगे। प्रखंड के मसरा गांव की उर्मिला देवी यह बताती है। महिला आदिम जनजाति परिवार की हैं। उसे राशन नहीं मिल रहा।

गांव में आदिम जनजाति के 40 परिवार भी हैं जिन्हें चार महीने से राशन नहीं मिल रहा है। सभी परिवारों के समक्ष कमोबेश भुखमरी की स्थिति है। गांव के उक्त परिवारों ने बताया कि पिछले जुलाई से लेकर अब तक उन्हें राशन नहीं मिला है। प्रधानमंत्री गरीब गरीब कल्याण योजना का राशन भी छह महीने से नहीं मिला है।

गांव के बुधन कोरवा, रविंद्र कोरवा, सत्येंद्र कोरवा, मनिया कुमारी, मोहरमानी कुंवर, सरस्वती देवी, कुंती देवी, कमोदा देवी, प्रेमनी देवी, बसंती देवी, बचिया कुंवर, भुईनी देवी, बसमतिया देवी, सुषमा देवी सहित कई अन्य राशनकार्ड धारियों ने बताया कि राशन नहीं मिलने से हम भुखमरी का सामना कर रहे हैं। घर में कभी खाना बनता है तो कभी नहीं।

**10** रुपये में एक किलोग्राम महुआ देने का सौदा होता है

**100** रुपये पर 10 रुपये ब्याज पर कर्ज लेकर घर चलाने को मजबूर हैं

- पीएम गरीब कल्याण योजना का राशन भी छह महीने से नहीं मिला है
- रोजगार न मिलने के कारण महाजन से उधार लेकर काम चला रहे हैं



चिनिया में जानकारी देते ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

### महाजन से कर्ज ले रहे ग्रामीण

राशन और कहीं रोजगार न मिलने के कारण महाजन से उधार लेकर काम चला रहे हैं। अभी महाजन से उधार लेने पर 10 रुपये में एक किलोग्राम महुआ देने का सौदा होता है। उसके अलावा महीने में 100 रुपये पर 10 रुपये ब्याज पर कर्ज लेकर घर चलाने को मजबूर है। अधिसंख्य परिवार महाजन का कर्जदार हो गया है। साथ ही लगातार कर्ज में आदिम जनजाति परिवार डूब रहा है। सरिता देवी कहती है कि कर्ज लेकर परिवार चलाना पड़ रहा है। दिन भर में एक बार ही खाना बनता है। कभी कभी कभी शाम में बगैर खाए भी सो जाते है। उसने बताया कि अबकी साल मकई और धान भी नहीं हुआ कि घर का खर्च चल सके। प्रेमनी देवी कहती है कि कंद मूल खाकर हम लोग कभी कभार रह लेते हैं। ब्याज पर पैसा लेकर महाजन से अपना खर्च चला रहे हैं।

"डीलर की ओर से मशीन में एंट्री नहीं करने पर यह समस्या उत्पन्न हुई है। उक्त कारण आदिम जनजाति परिवारों को राशन नहीं मिल रहा है। सुधार के लिए जिला में भेज दिया गया है। बहुत जल्द ही गड़बड़ी को ठीक कर लिया जाएगा। उसके बाद उनके बीच राशन का वितरण किया जाएगा।

-निशात अंजूम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चिनिया



नमक भात दिखाती विनीता देवी।



उर्मिला देवी जिसके घर चूल्हा ही नहीं जला।

### विनिता के घर बना था नमक भात

गांव की विनीता देवी अपने घर में नमक भात बनाई थी। उसने कहा कि दो चार महीने में कभी-कभार दाल भात सब्जी घर में बन पाता है। वहीं उर्मिला देवी बताती है कि घर में राशन नहीं था। चूल्हा ही नहीं जला। भूख लगने पर उसके अपने बच्चे जब जिद करने लगे खाने के लिए बगल से खाना लाकर दी थी। उसका राशन कार्ड भी नहीं है। यह स्थिति कमोबेश हर घर में है। गांव के लोग काम की तलाश में पलायन कर गए हैं। अधिसंख्य घरों में सिर्फ महिलाएं और बच्चे हैं। आदिम जनजाति परिवार की सरिता देवी, अनीता देवी, आनंदनी अनीता देवी सहित कई अन्य ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग आदिम जनजाति परिवार से हैं। आज तक राशन कार्ड ही नहीं बना। घर की आर्थिक स्थिति बदतर है। अबकी साल धान, मक्का की खेती भी नहीं हुआ है।

9123142838

Complainno- WA/400/2022 (39)

सेवा में,

अध्यक्ष महोदय
राज्य खाद्य आयोग झारखण्ड राँची

विषय: कुन्ती देवी कोरवा जनजाति को पिछले माह ~~अप्रैल~~ मई 2021 से अक्टूबर 2022 तक कुल माह 18 का 630 किलो राशन से वंचित रखा गया है

महाशय,

उपर्युक्त विषयों में कहना है मैं कुन्ती देवी ग्राम – मसरा, प्रखण्ड लिटिपाड़ा का आदिम जन जाति से बिलोंग करती हूँ मैं दूसरे के घर से उधार मांग कर खाना बना कर अपने बच्चों को जीवन यापन कर रही हूँ मुझे राशन कार्ड का राशन 630 किलो और प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत राशन 450 = 1080 किलो राशन से वंचित रखा गया साथ मुझे आदिम जन जाति पेंशन भी नहीं मिल रहा है

अतः आप से आग्रह है कि मुझे राशन सुनिश्चित कराया जाय।

राशन कार्ड कॉपी

आधार कार्ड का कॉपी

आपका विश्वासी

अ०नि०

कुन्ती देवी

M.S
Sp
18.10.22

38

## सामाजिक - आर्थिक एवं जाति जनगणना - २०११
## के आलोक में पारिवारिक सूची

**Ration Card No. / राशन कार्ड संख्या : 202000121032**

| क्र. | पूरा नाम | लिंग | उम्र | संबंध |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुर्यदेव कोरवा | पु. | 31 | मुखिया |
| 2 | कुन्ती देवी | म. | 29 | पत्नी |
| 3 | शकुन्तला कुमारी . | म. | 7 | पुत्री |
| 4 | टिकैत कोरवा | पु. | 9 | पुत्र |
| 5 | मघेश कोरवा | पु. | 5 | सुर्यादेव कोरवा |

कुल व्यक्तियों की संख्या : 5

कार्डधारी का हस्ताक्षर :

भारत सरकार

Government of India



कुन्ती देवी

Kunti Devi

जन्म वर्ष / Year of Birth : 1983

महिला / Female

**2241 9185 7626**

आधार - आम आदमी का अधिकार

37

# राशन कार्ड

## खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

झारखण्ड सरकार

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम

अन्त्योदय अन्न योजना - गढ़वा

**Ration Card No. / राशन कार्ड संख्या : 202000121032**

कार्डधारी का नाम : कुन्ती देवी

Mo.No - ~~9123142838~~
9123142838 Date-17-10-2022 Complain no.-
WA/401/2022 (36)

सेवा में,
अध्यक्ष महोदय
राज्य खाद्य आयोग झारखण्ड रांची

विषय → कोरवा आदिम जनजाति परिवारों को पिछले माह जुलाई से अक्टूबर 2022 तक का कुल चार माह से राशन नहीं दिया जा रहा है इसके सम्बन्ध में।

महाशय,

निवेदन पूर्वक कहना है कि ग्राम मसरा, प्रखण्ड चीनियां जिला गढ़वा, के 14 कार्ड धारियों को पिछले माह जुलाई से अक्टूबर 2022 तक 1960 किलो राशन एवं प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत कुल 14 कार्डधारी के 73 लोगों व्यक्तियों का पिछले अप्रैल से अक्टूबर 2022 तक कुल 7 माह का राशन 35x73 = 2555 किलो

कार्ड का राशन - 1960 -
गरीब कल्याण का +2555 -
टोटल 4515 — किलो राशन से कोरवा आदिम जन जाति परिवारों को वंचित रखा गया है और कि कोरवा लोग महाजन साहू जी से उधार लेकर राशन खा रहे हैं -

अतः आप से नम्र निवेदन है कि हम सभी कोरवा लोगों को राशन दिलावें का सुनिश्चित करें।

M.S
18.10.22

संलग्न।
राशन कार्ड का फोटो
आधार कार्ड का फोटो →

वनिता देवी
सुनीता देवी
बिनीता देवी
फूलमती देवी
सरिता देवी
सरिता देवी
संगीता देवी

शान्ति देवी
सरस्वती देवी
कुन्ती देवी
मानती देवी
मानमती
करमा देवी
कमोदा देवी


REDMI NOTE 6 PRO
MI DUAL CAMERA
2022/10/16 16:37

34

